# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಳಿ
## ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560 003

KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD
Malleswaram Bengaluru - 560 003

## ರಾಜ್ಯಮಟ್ಟದ ಎಸ್. ಎಸ್. ಎಲ್. ಸಿ. ಪೂರ್ವ ಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ - 2025
## STATE LEVEL SSLC PREPARATORY EXAMINATION - 2025

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61- H                Subject code : 61- H

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ - ಹಿಂದಿ
## Subject : third language - HINDI

ದಿನಾಂಕ : 01. 03. 2025                Date : 01. 03. 2025
ಸಮಯ:ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 2 : 00 - 5 : 00 ರವರೆಗೆ]    [Time :2 : 00 P.M TO 5 : 00 P.M.]
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು 80]                [Max. marks : 80]

---

## नमूना उत्तर पत्रिका

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | बहुविकल्पीय प्रश्न : 8 × 1 = 8 | |
| 1. | 'रात' शब्द का विलोम रूप है -<br>(A) शाम (B) निशा<br>(C) संध्या (D) दिन<br>उत्तर: (D) दिन | 1 |
| 2. | 'श्रीमान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है -<br>(A) मान (B) श्रीमती<br>(C) महिला (D) पुरुष<br>उत्तर: (B) श्रीमती | 1 |
| 3. | निम्नलिखित में से एक वचन शब्द है -<br>(A) बातें (B) आँखें<br>(C) पैसा (D) कपड़े<br>उत्तर: (C) पैसा | 1 |
| 4. | निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -<br>(A) दिखाना (B) दिखावट<br>(C) देखना (D) दिखवाना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | उत्तर: (A) दिखाना | |
| 5. | 'वनौषध' शब्द में संधि है -<br>(A) दीर्घ (B) वृद्धि<br>(C) गुण (D) यण्<br>उत्तर: (B) वृद्धि | 1 |
| 6. | 'जलप्रपात' शब्द में समास है -<br>(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व<br>(C) द्विगु (D) तत्पुरुष<br>उत्तर: (D) तत्पुरुष | 1 |
| 7. | क्या आप मैसूरु जा रहे हैं ?<br>वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -<br>(A) प्रश्नवाचक (B) पूर्ण विराम<br>(C) अल्प विराम (D) अर्ध विराम<br>उत्तर: (A) प्रश्नवाचक | 1 |
| 8. | रमेश कलम ................ पत्र लिखता है।<br>रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा -<br>(A) पर (B) में<br>(C) से (D) को<br>उत्तर: (C) से | 1 |
| II.<br>9. | निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4<br>जलालुद्दीन : जीजा :: शमसुद्दीन : ....................<br>उत्तर : चचेरे भाई :: | 1 |
| 10. | पं० राजकिशोर : मजदूरों के नेता :: वर्मा : ....................<br>उत्तर : डॉक्टर :: | 1 |
| 11. | टोली का नाम : बाल-शक्ति :: टोली का मुखिया : ....................<br>उत्तर : मोहन :: | 1 |
| 12. | पाप का मूल : अभियान :: धर्म का मूल : ....................<br>उत्तर : दया :: | 1 |
| III.<br>13. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4<br>वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा था ?<br>उत्तर : वर्षों से सक्सेना के परिवार में साधोराम काम कर रहा था। | 1 |
| 14. | बच्चों की तारीफ किसने की ?<br>उत्तर : बच्चों की तारीफ कलेक्टर साहब ने की। | 1 |
| 15. | समय की पहचान कविता में कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ?<br>उत्तर : समय की पहचान कविता में कवि आत्मा पर विश्वास करने को कहते हैं। | 1 |
| 16. | नंद और यशोदा का रंग कैसा था ?<br>उत्तर : नंद और यशोदा का रंग गोरा था। | 1 |
| IV.<br>17. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पूर्ण वाक्य में लिखिए: 8 × 2 = 16<br>जैनुलाबदीन नमाज के बारे में क्या कहते थे ?<br>उत्तर: जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में कहते हैं- "जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेद- भाव नहीं होता।" | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?<br><u>उत्तर</u>: लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय लिया क्योंकि, सम्मेलन में बहुत सारे चोरियाँ हो रही थींI सब चीज़ें चोरी में चली गईं थीं। ताला तक चोरी में चला गया था। अब लेखक ही था। वह सोचता है कि अगर वह रुका तो वह भी चुरा लिया जाएगा। | 2 |
| 19. | लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?<br><u>उत्तर</u>: लालिम और किंचा लालीदाम मकान बनाने का तय किया कि वे मकान बनाएँगे। मुश्किल यह था कि वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाए जाते हैं, इलिए वे पशुओं से पूछ - ताछ करने के लिए जंगल की ओर चल पड़े। | 2 |
| 20. | धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?<br><u>उत्तर</u>: धीरज सक्सेना के नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए एवं वर्ड प्रोसेसर पर धीरज सक्सेना के काम संभालने के लिए धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी | 2 |
| 21. | मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?<br><u>उत्तर</u>: समय को नष्ट न करके, सु समय पर जो काम करना है, उसे उसी समय ही मन लगाकरकरें। तभी तो मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति संभव है। | 2 |
| 22. | यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती हैं ?<br><u>उत्तर</u>: यशोदा कृष्ण के क्रोधयुक्त मुख को देखकर और उसकी बातों को सुनकर खुश हो जाती है।वह कहती है- हे कृष्ण ! सुनो। बलराम जन्म से ही चुगलखोर है। मैं गोदन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो। | 2 |
| 23. | शनि सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है। कैसे ?<br><u>उत्तर</u>: * शनि ग्रह के चारों ओर वालय दिखाई देते हैं।<br>* ये वलय अत्यंत विस्तृत और स्पष्ट हैं।<br>* शनि के इन वालियों या कंकणों ने इसे सौरमंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह बनाया है।<br>अथवा<br>शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर :* शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है।<br>* इसलिए वहाँ बहुत कम सूर्य ताप पहुँचता है।<br>* शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे 150° सेंटीग्रेड के आसपास रहता है। | 2 |
| 24. | महात्मा गांधी जी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?<br><u>उत्तर</u>: गांधी जी का कथन है - " सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आधार किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता। "<br>अथवा<br>अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?<br>एक नागरिक की हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए। | 2 |
| V.<br>25. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27<br>सब्जी और फलों के महत्व के बारे में लेकर प्रेमचंद जी के विचार क्या है ?<br><u>उत्तर</u>: * टोमाटो को पहले कोई भी न पूछता था।<br>* टोमाटो अब भोजन का आवश्यक अंग बन गया है।<br>* गाजर पहले गरीबों की पेट भरने की चीज थी।<br>* अमीर लोग गाजर का हलवा ही खाते थे।<br>* रोज एक सेब खाने से डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | * सब्जी और फलों में बहुत सारे प्रोटीन और विटामिन होते हैं। | |
| 26. | गिल्लू के अंतिम दिन का वर्णन कीजिए ।<br>उत्तर : * गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती ।<br>* गिल्लू की जीवन यात्रा का अंत आ ही गया ।<br>* गिल्लू दिन-भर न कुछ खाया न वह बाहर गया ।<br>* गिल्लू के पंजे ठंडे हो रहे थे जब लेखिका जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया ।<br>* परंतु प्रभात की प्रथम किरण के साथ गिल्लू चिर निद्रा में सो गया। | 3 |
| 27. | बसंत स्वाभिमानी तथा ईमानदार लड़का है। कैसे ? समझाइए।<br>उत्तर: * बसंत ईमानदार लड़का है।<br>* वह गरीब जरूर है किंतु भीख नहीं माँगना चाहता।<br>* अपने से बने कार्य करता है।<br>* छोटी-छोटी चीजों को बेचना चाहता है।<br>* राजकिशोर दो पैसे देने के लिए तैयार भी थे किंतु बसंत उसे साफ इनकार कर कहा कि मैं भीख नहीं लूँगा।<br>* दूसरी यह घटना है कि वह एक रुपये का छुट्टा लेने जाता है उसके पैर मोटर के नीचे दब जाती हैं।<br>* एसे संदर्भ में भी बसंत अपने छोटे भाई प्रताप को साढ़े चौदह आने लौटाने के लिए कह कर भेजता है।<br>इन घटनाओं से पता चलता है कि बसंत एक ईमानदार लड़का है । | 3 |
| 28. | संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट के महत्व के बारे में लिखिए।<br>उत्तर: * इंटरनेट द्वारा पल भर में, बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो, दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है ।<br>* पूरी एक पुस्तकालय की किताबों के विषय को कम समय में कहीं भी भेज सकते हैं।<br>* इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है।<br>* शायद इंटरनेट के बिना संचार व सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड़ जाते हैं । | 3 |
| 29. | एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेंद्री ने क्या किया ? विवरण दीजिए।<br>उत्तर: एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेंद्री ने फावड़े से पहले बर्फ की खुदाई कर अपने आप को सुरक्षित रूप से स्थिर किया। इसके बाद अपने घुटनों के बल बैठी। बर्फ पर अपने माथे को लगाकर सागरमाथे ताज का चुंबन किया । थैले से हनुमान चालीसा दुर्गा माँ का चित्र निकाला। उसे लाल कपड़े में लपेटा और छोटी सी पूजा करके इनको बर्फ में दबा दिया। उठकर अपने रज्जू नेता अंग दोरजी के प्रति आदर भाव से झुकी। | 3 |
| 30. | मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए।<br>उत्तर: * भारत माँ के प्रकृति-सौंदर्य नयन मनोहर है,<br>* भारत के खेत हरे-भरे और सुहाने हैं,<br>* वन-उपवन फल-फूलों से युक्त है,<br>* भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है,<br>* भारत माँ सुख-संपत्ति, धन-धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है I | 3 |
| 31. | दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? बताइए।<br>उत्तर: * मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना मानव की सिद्धि है,<br>* जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी की मिटाना,<br>* वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा।<br>* स्वयं को पहचानना।<br>* बुद्धि पर चैतन्य की जीत करना। | 3 |
| 32. | राम नाम मनि दीप धरु, जीभ देहरी द्वार।<br>तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।<br>उत्तर : प्रस्तावना : प्रस्तुत दोहे को ' राम-भक्ति शाखा ' के प्रमुख कवि तुलसीदास जी द्वारा लिखित 'तुलसी के दोहे' से लिया गया है। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | भावार्थ : प्रस्तुत दोहे के द्वारा तुलसीदास जी कहते हैं कि जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है, उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है। | |
| 33. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br>कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं। इसलिए कर्नाटक को 'चंदन का आगार' कहते हैं। यहाँ चंदन का तेल, साबुन तथा कलाकृतियाँ भी बनायी जाती हैं।<br>उत्तर: ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಮರಗಳು ಹೇರಳವಾಗಿವೆ. ಹೀಗಾಗಿ ಕರ್ನಾಟಕವನ್ನು ಶ್ರೀಗಂಧದ ಬೀಡು ಎಂದು ಕರೆಯುತ್ತಾರೆ. ಇಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಎಣ್ಣೆ, ಸಾಬೂನು ಹಾಗೂ ಕಲಾಕೃತಿಗಳನ್ನು ತಯಾರಿಸಲಾಗುತ್ತದೆ. | 3 |
| VI.<br>34. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8<br>उत्तर : * कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है।<br>* बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है।<br>* बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुरम के मंदिरों में पत्थर की जो मूर्तियाँ हैं वे सजीव लगती हैं।<br>* श्रवणबेलगोला के गोमटेश्वर की प्रतिमा दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है।<br>* विजयपुरा के गोलगुंबज की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है।<br>* मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है।<br>* सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय आकर्षणीय हैं।<br>अथवा<br>* प्रकृतिमाता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सँवारकर सुंदर और समृद्ध बनाया है।<br>* कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है।<br>* पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है।<br>* इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर की छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं।<br>* इन्हीं घाटों का कुछ भाग सहयाद्रि कहलाता है।<br>* दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं। | 4 |
| 35. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता ....................................<br>..................................................<br>..................................................<br>.................................... भागो तुम।<br>असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम। | 4 |
| VII. 36. | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1× 4 = 4<br>गांधीजी डॉ० अम्बेडकर जी की नि:स्वार्थ सेवाओं से प्रभावित हुए और इसलिए उन्होंने स्वतंत्र भारत का संविधान बनाने के लिए डॉ० अम्बेडकर जी को आमंत्रित किया। देशरत्न डॉ० राजेंद्र प्रसाद जी की अध्यक्षता में डॉ० अम्बेडकर जी ने स्वतंत्र भारत का संविधान बनाया। भारत का संविधान संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान माना गया है। अमेरिका के कोलम्बिया विश्वविद्यालय से डॉ० अम्बेडकर जी को सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने के उपलक्ष में 'डॉक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन' की उपाधि प्रदान की। यह संविधान 26 जनवरी, 1950 ई० से देश में लागू हुआ। वे भारत के प्रथम विधि मंत्री बने।<br>(अ) गांधीजी डॉ० अम्बेडकर जी से किस कारण प्रभावित हुए ?<br>गांधीजी डॉ० अम्बेडकर जी की नि:स्वार्थ सेवाओं से प्रभावित हुए। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (आ) संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान किसे माना गया है ?<br>भारत का संविधान संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान माना गया है।<br>(इ) अम्बेडकर जी को 'डॉक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन' की उपाधि क्यों मिली ?<br>अम्बेडकर जी को सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने के उपलक्ष में 'डॉक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन' की उपाधि मिली।<br>(ई) भारत का संविधान कब से देश में लागू हुआ ?<br>भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 ई० से देश में लागू हुआ। | 1<br><br>1<br><br>1 |
| VIII.37. | (क) इंटरनेट:<br>प्रस्तावना: है वैज्ञानिक आविष्कारों ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है। आज का युग इंटरनेट युग है। इंटरनेट से मानव की जीवन शैली और उनकी सोच में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है।<br>अर्थ: इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है। आज इंसान के लिए खान-पान जितना जरूरी है इंटरनेट भी उतना ही आवश्यक हो गया है।<br>लाभ :<br>* इंटरनेट द्वारा पल भर में कोई भी विचार हो स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो, दुनिया के किसी भी कोने में भेज सकते हैं।<br>* इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं, कोई भी बिल भर सकते हैं।<br>* इंटरनेट द्वारा दुनिया के किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती हैं।<br>* वीडियो कान्फरेन्स द्वारा देश-विदेश में रहनेवाले लोगों के साथ विचार-विनिमय कर सकते हैं।<br>* इंटरनेट की सहायता से बेरोजगारी को दूर सकते हैं।<br>* इंटरनेट द्वारा कई देशों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।<br>* ई-गवर्नेंस द्वारा प्रशासन पारदर्शी बन सकता है।<br>हानि: इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर वह अभिशाप भी है।<br>* इंटरनेट की वजह से पैरवी, बैंकिंग फ्रॉड, हैंकिंग आदि बढ़ रही है।<br>* मुक्त वेबसाइट, चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी ही नहीं बच्चे भी इंटरनेट की कबंध बाँहों के पाश में फँसे हुए है।<br>* इंटरनेट से वक्त का दुरुपयोग होता है और बच्चे अनुपयुक्त और अनावश्यक जानकारी हासिल कर रहे हैं।<br>उपसंहार : जीवन के हर क्षेत्र में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है। इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर अभिशाप भी है। इसलिए आप लोगों को इंटरनेट से सचेत रहना चाहिए।<br><br>(ख) बेरोजगारी<br>प्रस्तावना: बेरोजगारी हमारे देश की एक कठिन समस्या है। बेरोजगारी एक आर्थिक और सामाजिक समस्या है। जिसके कारण देश की शांति और व्यवस्था को खतरा है और देश की प्रगति कुंठित हो रही है।<br>बेरोजगारी का अर्थ : बेरोजगार उस व्यक्ति को कहा जाता है जो कि बाजार में प्रचलित मजदूरी दर पर काम तो करना चाहता लेकिन उसे काम नहीं मिल पा रहा है। किसी पढ़े-लिखे व्यक्ति को उसकी काबिलियत के हिसाब से नौकरी नहीं मिल रही है तो उसे बेरोजगार माना जाता है।<br>बेरोजगारी के कारण :<br>* बढ़ती हुई जनसंख्या।<br>* दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली।<br>* आधुनिक मशीनों का उपयोग।<br>* उद्योग धंधों का अभाव। | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | * लघु तथा कुटीर उद्योगों की अवनति।<br>बेरोजगारी के दुष्परिणाम :<br>* बेरोजगारी के कारण निर्धनता में वृद्धि होती है।<br>* भुखमरी की समस्या उत्पन्न होती है।<br>* अपराधों में वृद्धि होती है।<br>* मानसिक अशांति होती है और कुछ लोग तंग आकर आत्महत्या कर लेते हैं।<br>* देश की आर्थिक स्थिति कुंठित होती है।<br>बेरोजगारी को दूर करने के उपाय :<br>* लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना।<br>* जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण लगाना।<br>* मशीनीकरण और कंप्यूटरीकरण पर नियंत्रण करना।<br>* कुटीर और लघु उद्योगों का विकास करना।<br>* शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन लाना।<br>उपसंहार : हमें निराश नहीं होना चाहिए। हमारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। अपने काम धंधे करने के लिए लोन दिया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हम आत्मविश्वास और दृढ़ता के साथ सहयोग करें और हमें मिलकर इस समस्या को हल करें। | |
| IX.38. | निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5<br><br>प्रेषक, दिनांक:01/03/2025<br>गगन के नायक<br>दसवीं कक्षा<br>सरकारी हाईस्कूल करेकट्टे,<br>चन्नगिरी तालुक।<br><br>सेवा में,<br>कक्षाध्यापक जी,<br>सरकारी हाईस्कूल करेकट्टे,<br>चन्नगिरी तालुक।<br><br>आदरणीय महोदय,<br><br>विषय : चार दिन की छुट्टी माँगते हुए।<br><br>उपर्युक्त विषय के अनुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मेरे बड़े भाई के विवाह संपन्न हुई है। विवाह में शामिल होने के लिए बेंगलुरु जा रहा हूँ। इसलिए मैं तीन दिन स्कूल नहीं आ सकता। अतः आप मुझे दिनांक: 02/03/2025 से दिनांक:05/03/2025 तक तीन दिन की छुट्टी देने की कृपा करें।<br><br>धन्यवाद सहित।<br><br>स्थान : करेकट्टे आज्ञाकारी छात्र :<br>गगन के नायक | 5 |